सुविचार

इंसान को हानि, पीड़ा और चिंताएं, उसकी किसी आंतरिक दुर्बलता के कारण होती हैं, उस दुर्बलता को दूर करके कामयाबी मिल सकती है। - स्वामी रामतीर्थ

अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, सोमवार, 23 मार्च 2026

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- श्रीनगर कॉलोनी में बियर की दुकान खोलने का विरोध II
- 24 साहित्यकारों को पहनाई पगड़ी और दिए प्रशस्ति पत्र III
- एलएसजी टीम ने किए रामलला के दर्शन और मनाई ईद IV

शहर में आज

- लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट- 8:30 बजे से।
- तोपखाना बाजार स्थित माध्यमिक विद्यालय इंटर कालेज प्रेक्षागृह में रंगनाद रंगमंडल की ओर से नाटक चिमनी चोगा का मंचन- 9:30 बजे से।
- सहकारिता भवन मेंपूर्व मंत्री सत्यदेव त्रिपाठी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी-11:00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यसलय में सरदार भगत सिंह के शहादत दिवस पर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी सभा का आयोजन- 11:30 बजे से।
- 17 विक्रमादित्य मार्ग पर राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी की तरफ से ईद स्नेह मिलन व सूफी शाम का आयोजन- 5:00 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में लखनऊ लिटरेरी क्लब की ओर से एक बच्चे की डायरी का लोकार्पण और नाट्य प्रस्तुति-6 :00 बजे से।
- संगीत नाटक आकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह मेंडॉ. उर्मिल कुमार थपलियाल फाउंडेशन की ओर से नाटक शहीदों ने लौ जगाई जो का मंचन-7:05 बजे से।

☞ ' पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

शहर के तापमान में बढ़ोत्तरी होने के साथ प्यास सताने लगी है। लोगों के साथ जीव-जंतु भी बेहाल होने लगे हैं। रविवार को प्यास से बेहाल बंदर ने पहले बोतल से पानी पीने का प्रयास किया, बोतल नहीं खुली तो नल में बहते पानी से प्यास बुझाई। मौसम विभाग ने भी अगले 5-6 दिनों में करीब 10 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने की संभावना जताई है। 20 मार्च को बारिश से अधिकतम तापमान गिरकर 23.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। रविवार को अधिकतम तापमान करीब 4 डिग्री बढ़कर 30.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहा।

बिना चर्चा 15 मिनट में ही पास हो गया 4692.71 करोड़ का बजट

नगर निगम सदन में पुनरीक्षित बजट की कॉपी न मिलने पर विपक्षी पार्षदों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4692.71 करोड़ का मूल बजट सदन की बैठक शुरू होते ही पास हो गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने 15 मिनट में ही बजट पास होने की घोषणा कर दी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट को भी बिना चर्चा के पास कर दिया गया। इस पर विपक्षी पार्षदों ने जमकर हंगामा किया और कहा कि महापौर हिटलरशाही दिखा रही हैं। उपाध्यक्ष चरणजीत गांधी ने मूल बजट का भाषण पढ़ना शुरू किया तो कांग्रेस पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि बजट की कॉपी नहीं मिली है। पुनरीक्षित बजट पर चर्चा से पहले ही मूल बजट रख दिया गया। हंगामे के बीच महापौर ने सदन 45 मिनट में ही समाप्त करने की घोषणा कर दी।

महापौर ने बताया कि नगर निगम अपनी आय बढ़ाने पर जोर दे रहा है। गृहकर के रूप में अब तक 517 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 105.35 करोड़ रुपये अधिक है। स्वच्छता संबंधी मदों से 46 लाख रुपये की आय हुई है। यूजर चार्ज से 28.52 करोड़ रुपये विज्ञापन से 16.16 करोड़ रुपये, रेंट से 4.52 करोड़ रुपये, पार्किंग से 4.32 करोड़ रुपये और लाइसेंस शुल्क से 4.82 करोड़ रुपये मिले हैं।

महापौर ने बताया कि जनता की सुविधा के लिए नए वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल से भवन स्वामियों को पॉस मशीनों से यूजर चार्ज जमा करने की सुविधा दी जाएगी। समय पर एकमुश्त भुगतान करने पर 8 से 10 प्रतिशत छूट देने का प्रस्ताव है। ऑनलाइन भुगतान पर अप्रैल में 10, मई में 8 और जून में 5 प्रतिशत और ऑफलाइन जमा करने पर 8, 6 और 4 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही पॉस मशीन से भुगतान करने पर पेटीएम द्वारा उपभोगताओं को अपनी तरफ से विशेष कैशबैक ऑफर दिए जाएंगे।

नगर निगम सदन की बैठक में चर्चा के दौरान नोंकझोंक करते पार्षद। अमृत विचार

मुकेश के बयान पर बीजेपी पार्षदों ने की नारेबाजी

- कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने सदन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं से डरते हैं। यह सुनते ही भाजपा पार्षदों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी और ' 'महिलाओं के सम्मान में, भाजपा मैदान में[के नारे लगाने लगे। सपा पार्षद यावर हुसैन रेशू ने पुनरीक्षित बजट की कॉपी क्यों नहीं दी गई। कांग्रेस पार्षद ने पूछा कि पुनरीक्षित बजट पर चर्चा क्यों नहीं की गई। इस पर भाजपा पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने मुकेश से पूछा कि क्या आप सपा पार्षद के सेक्रेटरी हो। इस पर पक्ष-विपक्ष के बीच हंगामा शुरू हो गया।

271 करोड़ से सड़कों की होगी मरम्मत

- सड़कों के अनुरक्षण और मरम्मत के लिए बजट में 271 करोड़ का प्रावधान किया गया है। खराब सड़कों का पैचवर्क और मुख्य मार्गों को सही कराया जाएगा। शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइटों का विस्तार और सुधार किया जाएगा। नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 42.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

300 करोड़ से शहर की होगी सफाई

- शहर की साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण के लिए बजट में 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कार्यदाई संस्था के कर्मचारियों के वेतन, सड़कों की सफाई और नाला-नालियों की सफाई पर 255 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।

बजट में आय और व्यय का ब्योरा

- वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर निगम का कुल प्रस्तावित राजस्व, पूंजी एवं उच्चंत मद में आय 3293.35 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। प्रारंभिक अवशेष सहित कुल आय 4692.71 करोड़ रुपये आंकी गई है, जबकि कुल व्यय राजस्व, पूंजी एवं उच्चंत मद में 3292.93 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। इसके बाद लगभग 1399.77 करोड़ रुपये का अंतिम अवशेष रहने का अनुमान है। व्यय में अधिष्ठान (पेंशन सहित) पर 925.23 करोड़ रुपये, विकास कार्यों पर 1253.40 करोड़ रुपये और अन्य मदों पर 99.30 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

1400.19 करोड़ अवशेष के साथ पुनरीक्षित बजट पास

- नगर निगम लखनऊ के वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट राजस्व, पूंजी एवं उच्चन्त लेखों को मिलाकर कुल आय 3392.24 करोड़ रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक अवशेष को शामिल करने के बाद नगर निगम की कुल सकल आय बढ़कर 4791.60 करोड़ रुपये हो गई है। कुल व्यय 3391.41 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। आय और व्यय के समायोजन के बाद नगर निगम के 1400.19 करोड़ रुपये के अंतिम अवशेष को सदन ने पास किया है।

जलकल विभाग का 487 करोड़ का बजट पास

- जलकल विभाग ने भी वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विभाग की कुल आय 487.23 करोड़ रुपये और व्यय 483.45 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। लगभग 3.78 करोड़ रुपये का लाभ अनुमानित है। जबकि पुनरीक्षित बजट में वास्तविक आय कम होकर 460.85 करोड़ रुपये और व्यय 459.39 करोड़ रुपये हो गया है। कुल 1.49 करोड़ रुपये का लाभ का अनुमान है।

लोकबंधु में लगे शिविर में 26 लोगों ने किया रक्तदान

- अमृत विचार, लखनऊ : लोकबंधु अस्पताल के ब्लड बैंक विभाग एवं रोटरी क्लब ट्रांस गोमती के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 26 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित एवं एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें भागीदारी की अपील की। शिविर में रक्तदाताओं को डोनर कार्ड एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लड बैंक विभाग की डॉ. ज्योति जायसवाल, एसपी उपाध्याय, आरके पांडेय, नीतू भारती सहित अन्य कर्मचारी एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में मोबाइल सीटी स्कैन मशीन से बेड पर जांच

- **अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में अब गंभीर रूप से घायल मरीजों को सीटी स्कैन के लिए इधर-उधर नहीं ले जाना पड़ेगा। जल्द ही यहां मोबाइल सीटी स्कैन मशीन स्थापित की जाएगी, जिससे मरीजों की जांच सीधे उनके बेड पर ही की जा सकेगी। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. प्रेमराज सिंह के अनुसार, वर्तमान व्यवस्था में गंभीर मरीजों को सीटी स्कैन कक्ष तक ले जाना काफी जोखिम भरा होता है। इस दौरान मरीज की हालत बिगड़ने का खतरा बना रहता है और समय भी अधिक लगता है। नई मोबाइल सीटी स्कैन मशीन के आने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मशीन की स्थापना के लिए टेंडर प्रक्रिया तेजी से जारी है। यदि सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय में पूरी हो जाती हैं, तो अगले दो से तीन महीनों में यह सुविधा शुरू हो जाएगी।

चार बत्ती चौराहे पर मांझे से कट गया बच्ची का गला, लगाने पड़े 12 टांके

पिता के साथ बाजार से लौटते समय हुआ हादसा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोलागंज स्थित चार बत्ती चौराहे पर मांझे की चपेट में आने से पिता के साथ बाइक पर जा रही छह वर्षीया बच्ची का गला और उंगली कट गई। हड़बड़ाहट में पिता बेटी को लेकर बाइक समेत सड़क पर गिर गया। राहगीरों ने बच्ची को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसके गले में 12 टांके लगाए। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

कैसरबाग के खंदारी बाजार निवासी व्यवसायी खलीक अहमद रविवार को बेटी अबीरा फातिमा (6) को बाइक से लेकर खरीदारी करने बाजार गए थे। लौटते समय बच्ची बाइक पर आगे बैठी थी। गोलागंज चार बत्ती चौराहे पर पतंग का मांझा अबीरा के गले में फंस गया। जबतक खलीक बाइक रोकते मांझे के कसाव से अबीरा के गले कट लग गया। बचने में उंगली भी कट गई। गले से खून निकलने लगा। हड़बड़ाहट में खलीक बाइक समेत सड़क पर गिर गए। बच्ची की गर्दन से खून निकलने लगा। घटना देख राहगीर व आसपड़ोस के दुकानदार मदद के लिए दौड़े। आनन-फानन बच्ची को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उसके गले पर 12 टांके लगाए गए। खलीक ने कहा कि, खतरनाक मांझा बांधकर पतंग उड़ाने और उसकी बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अपने शौक के लिए पतंगबाज वाहन चालकों की जान को खतरे में डाल रहे हैं। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी ने बताया कि बच्ची की हालत सामान्य है। पीड़ित पिता खलीक ने तहरीर दी है। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

उधर, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी से शाम 5 बजे के करीब अपने घर की तरफ लौट रहे अभिषेक शर्मा बाइक से बटलर कॉलोनी अपने घर जा रहे थे। रास्ते में प्रतिबंधित मांझे की वजह से वे बाइक से गिर गए। इससे उनके हाथ में चोट आई। मांझा फंसने की वजह से उनके हाथ की एक अंगुली कट गई।

प्रतिबंधित मांझे से पतंग उड़ाते पकड़े गए

- **अमृत विचार, लखनऊ :** डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि अबीरा फातिमा के साथ हुई घटना के बाद तीन टीमों बनाकर अभियान चलाया गया। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक रंजीत कुमार पाठक सेंटीनियल इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचे। वहां कुछ लोग पतंग उड़ाते मिले। उनके पास खतरनाक मांझा मिला। पूछतान करने पर पुलिस से बहस करने लगा। उपनिरीक्षक ने समझाने की कोशिश की तो धक्का मुक्की करने लगे। सूचना पर इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर छह लोगों को दबोच लिया। आरोपियों ने अपना नाम साजिद निवासी क्रिश्चियन कॉलेज रोड वजीरगंज, फहीम निवासी नरही हजरतगंज, मो. आमिर निवासी गोलागंज, रिजवान निवासी जू कालोनी हजरतगंज, नासिर निवासी वाल्दा कॉलोनी हजरतगंज और अल्तमस निवासी इस्लामिया कॉलेज लालबाग हैं।

प्रतिबंधित मांझे के साथ पकड़े गए आरोपी।

सिटी ब्रीफ

शास्त्री नगर में देवी का पूजन करते पुजारी।

कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के कई क्षेत्रों में मरम्मत कार्य के चलते सोमवार को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। करीब एक लाख उपभोक्ताओं को समस्या का सामना करना पड़ेगा। जानकीपुरम के जीपीआरए उपकेंद्र से सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान आदिल नगर, जानकीपुरम गार्डेन, सेक्टर-जे, मिश्रपुर, रसूलपुर, गुड़म्बा, फूलबाग, नहर रोड, तिवारी चौराहा, गायत्रीपुरम और सहारा गेट नंबर-2 सहित कई इलाके प्रभावित होंगे। वहीं, अहिबरनपुर उपकेंद्र में बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। इससे योगी नगर, मूंगफली मंडी, सब्जी मंडी और सीएसडीएस कॉलोनी के लोगों की सप्लाई बंद रहेगी।

ऑफलाइन गृहकर जमा करने पर मिले छूट

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने बजट पर बयान जारी करते हुए कहा कि नगर निगम के इतिहास में सबसे छोटा सदन जो 45 मिनट ही चला। जिसमें पुनरीक्षित एवं मूल बजट को बिना चर्चा के पास करना दुर्भाग्यपूर्ण है। विकास कार्यों के मद में बढ़ोत्तरी न करना जनता के साथ धोखा है। उन्होंने गृहकर जमा करने पर छूट में कटौती को जनता के साथ गलत करार देते हुए ऑफलाइन जमा करने पर छूट 10 प्रतिशत करने की मांग की।

भगवान राम के जीवन पर की चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान में श्रीराम जन्मोत्सव 5.0' का दो दिवसीय आयोजन शनिवार से हुआ। जिसमें भगवान राम के जीवन, आदर्शों और उनके कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। वेदांत भारत की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रख्यात एवं भावी चिकित्सक पिछले चार वर्षों से अलग-अलग स्थानों पर इस तरह के आयोजन करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि जीवन में अंतर्कलह, द्वेष और विवाद से बचने के लिए भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने रामचरितमानस का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें हर समस्या का समाधान निहित है और यह हमें संबंधों में आदर्श व्यवहार करना सिखाता है।

इम्यूनो-एलर्जी समिट | केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. सूर्यकांत ने चेताया

टेडी वियर, कालीन और डायपर से हो सकती घातक एलर्जी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : घर में इस्तेमाल होने वाली कालीन, बच्चों का खिलौना टेडी वियर और पालतू जानवर एलर्जी का बड़ा कारण बन रहे हैं। ऐसी एलर्जी गंभीर रूप धारण कर जानलेवा भी साबित हो सकती है। ये जानकारी केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. सूर्यकांत ने रविवार को इम्यूनो-एलर्जी समिट 2026 में दी।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के कन्वेंशन सेंटर में इम्यूनो-एलर्जी समिट का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. सूर्यकांत ने बताया कि घर में मौजूद धूल, कालीन, टेडी वियर और पालतू जानवर जैसे कुत्ता, बिल्ली, चूहे व खरगोश से एलर्जी का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा छोटे बच्चों में डायपर के इस्तेमाल से भी एलर्जी हो सकती है, जिससे त्वचा पर लाल चकत्ते पड़ जाते हैं। छह माह के बाद अन्न प्राशन के दौरान कुछ बच्चों में फूड एलर्जी की समस्या भी देखने को मिलती है, खासकर उन बच्चों में जो संवेदनशील होते हैं या अधिक फास्ट फूड का सेवन करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, एलर्जी कई प्रकार की होती है, जिनमें स्किन, फूड, दवा और अन्य एलर्जी शामिल हैं। देश की करीब 25 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की एलर्जी से प्रभावित है। समय पर इलाज न कराने पर यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

समिट में डॉ. नंदना बाला ने बताया कि एनाफिलेक्सिस एक जानलेवा आपात स्थिति है, जिसमें हर मिनट बेहद महत्वपूर्ण होता है। यह एक तीव्र एलर्जिक रिएक्शन है, जो दवाओं, मूंगफली, दूध, समुद्री भोजन या कीट के काटने से हो सकता है। इसमें मरीज को सांस लेने में दिक्कत, गले व चेहरे में सूजन, ब्लड प्रेशर का तेजी से गिरना और बेहोशी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लक्षणों में अचानक सांस फूलना, त्वचा पर चकत्ते, खुजली, होंठ-जीभ-गले में सूजन और चक्कर आना शामिल हैं। ऐसे में तुरंत पहचान और समय पर इलाज ही मरीज की जान बचा सकता है।

इसके अलावा डॉ. विकास अग्रवाल एलर्जी का नवीन वर्गीकरण एलर्जी के तंत्र को सरल तरीके से समझाया, डॉ. ज्योति बाजपेयी अस्थमा के बचाव और उपचार के बारे में जानकारी साझा की। डॉ. स्वस्तिका सुविर्या ने एटॉपिक डर्मेटाइटिस, डॉ. कुनाल चंदवार ने अर्टिकेरिया एवं एंजियोएडेमा और डॉ. सुनीला नायक ने एलर्जी मास्टरक्लास (फूड एलर्जी एवं जांच) को सरल भाषा में समझाया।

केजीएमयू में हर बुधवार एलर्जी ओपीडी

- किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग की ओर से मरीजों की सुविधा के लिए एक नई पहल की जा रही है। विभाग के चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार मौर्य ने जानकारी दी कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह से प्रत्येक बुधवार को ' 'एलर्जी ओपीडी' ' का संचालन विभाग में किया जाएगा। डॉ. मुकेश मौर्य के अनुसार, जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के कारण एलर्जी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। केजीएमयू में कुछ सालों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में समर्पित ' 'एलर्जी ओपीडी' ' शुरू करने का उद्देश्य मरीजों को समय पर सही जांच और उपचार उपलब्ध कराना है। यह ओपीडी विभाग में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगी, जिसमें एलर्जी से संबंधित विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल से शहर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

आनंद द्विवेदी की टीम में 90 पदाधिकारी

- तीन महामंत्री और आठ उपाध्यक्ष बनाए गए
- आठ नेताओं को दिया गया मंत्री का पद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की टीम में तीन महामंत्री और आठ उपाध्यक्ष समेत 90 पदाधिकारी बनाए गए हैं। घनश्यामदास अग्रवाल, सत्येन्द्र कुमार सिंह, टिन्कू सोनकर को महामंत्री और योगेन्द्र पटेल, सीता नेगी, कुमकुम राजपूत, विनायक पाण्डेय, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, सौरभ बाल्मीकि, दीपक कुमार शुक्ला 'दीपू' और जी.डी. शुक्ला को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के बाद महानगर अध्यक्ष ने रविवार को पदाधिकारियों की सूची जारी की। इसमें आनंद कुमार पाण्डेय, सचिन वैश्य, राजेश चौधरी, सतीश चन्द्र मिश्रा, अपूर्व भार्गव, अर्चना साहू, चन्द्र प्रकाश अवस्थी और पंकज सक्सेना को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। मनोज के. गुप्ता को कोषाध्यक्ष और दिनेश पाण्डेय को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। डैनिश सोनकर को कार्यालय मंत्री, शैलेन्द्र राय व मयंक बाजपेयी को सह कार्यालय मंत्री का दायित्व दिया गया है। मीडिया विभाग में अनुराग साहू को मीडिया प्रभारी, संकेत मिश्रा, उमेश तिवारी और रामसेवक द्विवेदी को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। सोशल मीडिया संयोजक का दायित्व टी.आर. जोशी को मिला है, जबकि सतवीर सिंह आनंद 'सन्नी' और मणिकांत शुक्ला को सह संयोजक बनाया गया है। आईटी विभाग के संयोजक उत्तम प्रकाश मिश्रा और संतोष सिंह व सतीश अडवानी सह संयोजक बनाए गए हैं।

सिटी ब्रीफ

महिला के मोबाइल से अश्लील चैट का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ: बीकेटी इलाके में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति से विवाद चल रहा है। आरोपी पति ने पीड़िता को मोबाइल हैक कर लिया। पीड़िता का सोशल मीडिया अकाउंट अपने मोबाइल फोन में लॉगिन किया। जिसके जरिए आरोपी अश्लील चैटिंग कर रहा है। आरोपी एआई के जरिए पीड़िता की वीडियो एडिट कर वायरल करने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

मैरिज लॉन से लाखों का सामान उड़ाया

अमृत विचार, लखनऊ: मवैया निवासी रितेश का हंसखेड़ा रोड पर महाराजा लॉन है। 18 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे जब रितेश अपने लॉन पहुंचे। तो उन्होंने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। यह देखकर उनके पैरे तले जमीन खीसक गई। लॉन के अंदर जाकर देखा कि सामान फैला हुआ था। लॉन में बने कमरे से काफी सामान गायब था और पूरा परिसर अस्त-व्यस्त था। रितेश ने बताया कि चोरों ने लॉन से एलईडी वायर, अलमारी तोड़कर उसमें रखे 20 से 25 हजार रुपये नकद और बाथरूम में लगी सभी टोटियां चुरा लीं। पीड़ित ने लॉन में चोरी की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर दी। जानकारी मिलते ही पारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ कर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी

अमृत विचार, लखनऊ: हरदोई के पिहानी मोहल्ला मीर सराय निवासी सुनील कुमार के मुताबिक उनका परिचय एक समारोह में अमेठी अटिया निवासी अमन से हुआ था। अमन ने पीड़ित को विदेश भेजने का झांसा दिया। बाजारखाला माधव टॉकीज के पास स्थित अपने कार्यालय में इंटरव्यू लिया। विदेश भेजने के लिए 2 लाख 30 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित ने कई बार में आरोपी के बैंक अकाउंट में 1 लाख 70 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इसके बाद आरोपी पीड़ित को लगातार टालमटोल करता रहा। दबाव बनाने पर फर्जी ऑफर लेटर दिया। पैसा मंगाने पर आरोपित गाली-गलौज और जानमाल की धमकी देने लगा। हरदोई पुलिस के दबाव डालने पर आरोपी ने पीड़ित को कुछ रुपये लौटाए, जबकि 80 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

महिला का यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: नशीला पदार्थ पिलाकर महिला का वीडियो बनाकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को गाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी ऐश्वर्य अस्थाना और पीड़िता पहले लिवइन में रहते थे। इसके बाद युवती की शादी हो गई थी। शादी के कुछ महीनों बाद ही युवती का तलाक हो गया था। आरोपित ऐश्वर्य का भी तलाक हो चुका था। 12 मार्च को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ समय पहले ऐश्वर्य ने उसे मिलने के लिए बुलाया। मुलाकात के पीड़िता को नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। उसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर यौन शोषण करता रहा। इसके बाद वीडियो वायरल भी कर दिया था। विरोध करने पर आरोपी व उसके परिजन ने अभद्रता की थी। पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

गलत दिशा से आ रही स्कूटी ने बाइक में मारी टक्कर, मैनेजर की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-7 डी में हुई दुर्घटना
- स्कूटी सवार भी घायल, अस्पताल में भर्ती कराया गया
- मृतक की पत्नी कैंसर की मरीज एक वर्ष की मासूम बेटी है

अमृत विचार : पीजीआई के वृंदावन योजना में उल्टी दिशा से आ रही स्कूटी बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के मैनेजर की मौत हो गई और स्कूटी सवार घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में बाइक सवार का हेल्मेट तक टूट गया। मृतक की पत्नी कैंसर पीड़ित हैं।

मूलरूप से इंदिरानगर निवासी अमित कुमार पांडेय (50) पत्नी रिंकी और एक साल की बेटी के साथ सुशांत गोल्फ सिटी के सरसवां में रहते थे। वह तेलीबाग स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में मैनेजर थे। पत्नी रिंकी ने बताया कि व शनिवार रात करीब 10 बजे शोरूम बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। वृंदावन सेक्टर-7 डी स्थित ग्रीन बेल्ट सर्विस रोड पर सामने से उल्टी दिशा में आ रही स्कूटी ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हेल्मेट सिर से निकल गया।

मृतक अमित।

हादसे में दोनों वाहन सवार घायल हो गए। बाइक सवार अमित के सिर पर गंभीर चोट लगी। घटना देखकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। जानकारी मिलते ही पीजीआई पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। स्कूटी सवार सिद्धार्थ शर्मा निवासी तेलीबाग को भर्ती कर लिया। पुलिस को तलाशी के दौरान अमित की जेब से मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने परिजन को अमित की मौत की जानकारी दी। परिजन रोते-बिलखते ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। परिजन ने बताया कि मृतक की पत्नी रिंकी कैंसर की मरीज हैं। उसका इलाज चल रहा है। अमित परिवार में इकलौते कमाने वाले थे। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजन ने अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

बाजार में हाईटेंशन तार सड़क पर गिरा, अफरा-तफरी

- **अमृत विचार, लखनऊ:** उतरेठिया बाजार में रविवार सुबह करीब 10:30 बजे धमाके के साथ हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सड़क पर आ गिरा। तार गिरते ही चिंगारियां निकलने लगीं। इससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सड़क से गुजर रहे राहगीर और आसपास खड़े दुकानदार बाल-बाल बचे। स्थानीय निवासियों की सूचना पर अंबेडकर उपकेंद्र की टीम मौके पर पहुंची और आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद कर्मचारियों ने टूटे तार को जोड़ा। करीब डेढ़ घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

बंद मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: बंद मकान में चोरी करने वाले शातिर को गाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लाखों के जेवर व 14,500 रुपये बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि आरोपी राकेश वाल्मीकि उर्फ बाबादीन इंदिरानगर के तकरोही स्थित मायावती कॉलोनी में रहता है। 12 मार्च को मूल रूप से उन्नाव निवासी विजय शंकर शुक्ल ने इंदिरानगर के साईं धाम रोड स्थित घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी ने बताया कि वह जेवर बेचने की फिराक में था।

प्रेमी के साथ मिलकर बांधे सास के हाथ-पैर, साड़ी से गला घोंटा

लूटपाट को हत्या दर्शाने के लिए बहू ने खुद चुराए जेवर, घर में सामान भी बिखेर दिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी कैमरे में दो घंटे की रिकार्डिंग न होने, डॉग स्क्वायड मंडराने से दोनों पर गहराया शक
- पौत्र की तहरीर पर बहू और प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, दोनों गिरफ्तार, जेवर भी बरामद

अमृत विचार: अवैध संबंधों में बाधक बनी सास की बहू ने किराएदार प्रेमी के साथ मिलकर साड़ी से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात को लूट दिखाने के लिए घर के जेवर समेटे और सामान बिखेर दिया। सीसीटीवी में दो घंटे की रिकार्डिंग न मिलने और डॉग स्क्वायड बहू और प्रेमी के आसपास मंडराने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने सच उगल दिया। डीसीपी मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि पौत्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मृतका की बहू और किरायेदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से 297.160 ग्राम चांदी और 17.570 ग्राम सोने के जेवर भी बरामद किए गए हैं।

निशातगंज की गली नंबर-3 में निर्मला देवी (69) का मकान है। वह भूतल पर रहती थीं। उनके परिवार में बेटा त्रिदेश, बहू रंजना, पौत्र आदित्य, पोती अंशिका और सानवी हैं। बेटा बिजली विभाग में संविदाकर्मी और पौत्र डिलीवरी ब्वाय है। सचिवालय से सेवानिवृत्त पति राजाराम की ढाई वर्ष पहले मौत हो गई थी। निर्माला के मकान के पहले तल पर राजन शर्मा, विनोद यादव, जीतू, मनीष, पिंटू गौर, राम अचल यादव, श्रवण कुमार, कमलेश कुमार किराए पर रहते थे। शनिवार को निर्मला का बेटा और पौत्र ड्यूटी पर गए थे। निर्मला, बहू रंजना और छोटी पौत्री सानवी घर पर थी। बड़ी पौत्री अंशिका मामा के घर उन्नाव में है।

शाम करीब 4 बजे आदित्य घर पहुंचा। दादी निर्मला के हाथ-पैर बंधे थे। उसने दादी को आवाज दी और हिलाया डुलाया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। आदित्य के शोर मचाने पर पहले तल पर मौजूद किराएदार और आस-पास के लोग पहुंच गए। आदित्य ने पिता को फोन पर सूचना दी और मां रंजना से भी फोन पर उनकी लोकेशन पूछी। रंजना ने बताया कि कुछ दूरी पर है। थोड़ी ही देर में वह घर पहुंच गई। सूचना मिलने पर महानगर पुलिस भी पहुंच गई। घर में सामान बिखरा हुआ था। साड़ी से गला घोंटकर निर्मला की हत्या की गई थी।

पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। उसमें दोपहर 2 बजे से 4 बजे की रिकार्डिंग नहीं थी। छानबीन में पता चला कि सीसीटीवी कैमरों को बंद किया था। इसके बाद पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखे। दोपहर 2 से 4 बजे के बीच कोई भी बाहरी व्यक्ति निर्मला के घर जाते नहीं दिखाई दिया। इससे पुलिस को शक हुआ कि वारदात में घर का ही कोई व्यक्ति ही शामिल है। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में किराएदार राजन शर्मा और रंजना जाते दिखाई दी। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी बुलाई। डॉग स्क्वायड बार-बार घूम फिर के किराएदार राजन शर्मा और बहू रंजना के पास जाकर मंडराने लगा। जिससे राजन घबरा रहा था। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, डॉग स्क्वायड के बार-बार मंडराने के चलते पुलिस का शक राजन और रंजना पर गहरा गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो दोनों ने लूटपाट के दौरान हत्या की बात कहते रहे। अलग-अलग पूछताछ करने पर बयान विरोधाभासी दिए। पुलिस ने कुछ सख्ती की तो दोनों ने निर्मला की हत्या करना कबूल कर लिया।

डॉग स्क्वायड के साथ जांच करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

प्रेमी के साथ भागने की फिराक में थी रंजना

- आरोपी ने कबूला कि पहले निर्मला के हाथ और पैर बांध फिर साड़ी से गला कस कर हत्या कर दी। इसके बाद रंजना में रखे जेवर समेटे और सामान बिखरा दिया। जेवर एक परिचित के यहां छिपा दिए थे। रंजना ने पुलिस को बताया कि बेटे आदित्य को दबाव बनाकर ड्यूटी पर भेजा था। उसके साथ किराएदार पिंटू को भी भेजा। हत्या के बाद रंजना ने बेटी सानवी को लिया और राजन के साथ कार से शहर से बाहर जाने लगी। पारा पहुंचते ही आदित्य का फोन आ गया। किसी को शक न हो इसलिए दोनों लौट आए थे।

आरोपी राजन।

आरोपी रंजना।

मोबाइल में ले लिया था पूरा एक्सेस

- आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उसने घर में लगे सीसीटीवी का पूरा कंट्रोल अपने मोबाइल पर ले रखा था। उसी ने निर्मला की हत्या के दौरान सीसीटीवी कैमरों को अपने मोबाइल से बंद कर दिया था। बच्ची ने बताया कि दादा भी दुर्घटना का शिकार हुए थे। वह एक वैवाहिक कार्यक्रम से आने के बाद काम से निकल थे। कुछ देर बाद घटना की सूचना मिली थी। उनके सिर में भी गंभीर चोट के निशान थे। जिससे उनकी मौत हो गई थी।

रंजना की दिलाई टैक्सी चलाता था प्रेमी

- आरोपी राजन ने वह क्रिकेटर भी रहा है। अंडर 16 क्रिकेट टीम में खेला था। आगे सेलेक्शन न होने पर उसने क्रिकेट छोड़ दिया। रंजना के घर में किराए पर रह रहा था। राजन कुछ करता नहीं था। इसके चलते कुछ महीने पहले रंजना ने अपने रुपयों से कार दिलाई थी। जिसके बाद वह ओला में गाड़ी चलाता था। उसी से दोनों घूमने भी जाते थे।

तीन दिन पहले रची थी हत्या की साजिश

- बिहार के सिवान निवासी ओला टैक्सी चालक राजन शर्मा दो वर्ष से निर्मला के घर पर किराये पर रह रहा था। बातचीत शुरू होने के बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ी और अवैध संबंध हो गए। निर्मला ने दोनों को कई बार रंगे हाथों पकड़ा था। वह अवैध संबंध का विरोध करती थी। जानकारी होने पर रंजना और त्रिदेश में विवाद भी होता था। निर्मला रंजना को फटकार देती थीं। अवैध संबंधों में बाधक बनने पर तीन दिन पहले प्रेमी के साथ मिलकर रंजना ने सास निर्मला की हत्या की साजिश रची। राजन ने कबूला कि निर्मला ने उससे कई बार मकान खाली करने को कहा था। निर्मला सतसंग जाती थी। वहां उसने महिलाओं और लोगों को उनके प्रेम प्रसंग के बारे में बता दिया था। इससे उसकी बदनामी हो रही थी।

मृतका निर्मला।

किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, बनाई अश्लील वीडियो, दो गिरफ्तार

- अमृत विचार, लखनऊ: निगोहां पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसओ निगोहां अनुज तिवारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में नितिन व दयानंद शामिल हैं। तीसरे आरोपी शिवम की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीया किशोरी ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया था। आरोप था कि 12 मार्च को उसके घर पर कोई नही था। वह पड़ोस की एक परचून की दुकान पर सामान लेने गयी थी वहां पर मौजूद गांव के नितिन लोधी ने कहा कि तुम्हारे खेत में जानवर चर रहे है, जल्दी जाओ। किशोरी खेत पहुंची तो वहां पहले से ही नितिन अपने साथी दयानंद व शिवम के साथ मौजूद था। तीनों ने उसके साथ छेड़खानी करते हुए उसके कपड़े उतार दिए। दयानन्द द्वारा विडियो बनाया गया था। मामले में किशोरी किसी तरह वहां से भागकर घर पहुंची। आरोप है कि 17 मार्च को आरोपियों ने उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था, जिसके बाद परिवार को जानकारी हुई तो किशोरी ने मामले की तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। रविवार को रमादेई खेडा के जंगल तिराहे के पास से आरोपी नितिन लोधी और दयानन्द को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं शिवम की तलाश की जा रही है।

पूर्व किरायेदार ने किया दुष्कर्म

अमृत विचार, लखनऊ : पारा इलाके की 13वर्षीया किशोरी से शनिवार को अस्पताल के टेक्नीशियन ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक उन्नाव के फतेहपुर चौरासी निवासी आरोपी प्रशांत कुमार ठाकुरगंज के एरा अस्पताल में टेक्नीशियन था। वह पारा में कक्षा सात की छात्रा किशोरी के घर में किराये पर रहता था। चार महीने पूर्व कमरा खाली कर बुद्धेश्वर के भपटामऊ में दूसरे मकान में चला गया था। शनिवार सुबह उसने भांग का नशा किया। इसके बाद किशोरी को बहला-फुसलाकर बालागंज बुलाया। वहां से बाइक पर किशोरी को अपने कमरे पर ले गया और वहां दुष्कर्म किया। विरोध करने पर बंधक बनाने की धमकी देकर डराया। घर पहुंचकर किशोरी ने मां को जानकारी दी। मां ने शनिवार को थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया।

शराब की दुकान का विरोध करते लोग।

श्रीनगर कॉलोनी में बियर की दुकान खोलने का विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मड़ियांव स्थित श्रीनगर कॉलोनी में लक्ष्मी तिराहे के पास प्रस्तावित बियर की दुकान का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। शनिवार देर रात बड़ी संख्या में एकत्र हुए लोगों ने प्रशासन से दुकान बंद कराने की मांग की। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह क्षेत्र पूरी तरह आवासीय है और आसपास मंदिर व इंटर कॉलेज स्थित है। ऐसे में यहां शराब की दुकान खुलने से बच्चों और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लोगों ने यह भी आशंका जताई कि इससे क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं और शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। विरोध करने वालों में पंकज शर्मा, अदिति यादव, गीता, मनोज, निखिल, अमित, गिरीश, आदर्श अवस्थी, नीरज और आशीष केतकी कश्यप समेत कई लोग शामिल रहे।इस मामले पर जिला आबकारी अधिकारी करूणेन्द्र सिंह ने कहा कि शिकायत संज्ञान में आई है। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक को जांच के निर्देश दिए गए हैं और रिपोर्ट मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से छेड़छाड़

अमृत विचार, लखनऊ: पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से बाइक सवार युवक छेड़छाड़ की। पीड़िता के मुताबिक बाइक सवार युवक कई दिन से पीछा कर रहे थे। आते-जाते अश्लील टिप्पणी करते थे। पति को जानकारी हुई तो दोनों साथ थाने पहुंचे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। महिला के मुताबिक वह सेक्टर-6 स्थित विशिष्ट पार्क के पास रोज सुबह टहलने जाती है। बीते 17 मार्च की सुबह वह घर से टहलने के लिए निकली। आरोप है कि उस दौरान पीछे से काले रंग की पल्सर सवार युवक आ। उन्हें बीच रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर भाग निकला। महिला ने बताया कि आरोपी पहले भी कई बार उसका पीछा कर अभद्र टिप्पणियां कर चुका है।

सिटी डायरी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को गुलदस्ता देते व्यापारी नेता।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, महामंत्री योगेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल और युवा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से वीवीआईपी गेस्ट हाउस डालीबाग में मिलकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि फर्रुखाबाद में प्रदेश युवा उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने व्यापारियों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया था। सकारात्मक कार्रवाई करने के बजाय 15 नामजद और 7 अज्ञात व्यापारियों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर दिए गए। मुकदमों की आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। बताया कि नगर निगम एवं नगर पालिकाओं की किराए की दुकानों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बिना समुचित मुआवजा दिए दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है।

दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

आयकर अधिनियम पर हुआ सेमिनार

अमृत विचार, लखनऊ: द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के लखनऊ चैप्टर की ओर से गोमती नगर स्थित सीएमए भवन के ऑडिटोरियम में आयकर अधिनियम 2025 विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कर प्रणाली में हो रहे बदलावों और उनके प्रभावों पर चर्चा की गई। शुरुआत मुख्य अतिथि आयकर (ऑडिट) के कमिश्नर नीरज कुमार ने की। मुख्य अतिथि नीरज कुमार ने मुख्य वक्ता सीएमए पवन जायसवाल ने नए अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों और बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह, सीएमए सुनील कुमार सिंह, सीएमए हनी सिंह, सीएमए अमित यादव, सीएमए जूही उपाध्याय, सीएमए अभिषेक मिश्रा और सीएमए नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

स्वामी मुक्तिनाथानंद डॉक्टर पैनल के साथ।

विवेकानंद में ट्रॉमा यूनिट शुरू

अमृत विचार, लखनऊ: विवेकानंद पॉलीक्लिनिक व आयुर्विज्ञान संस्थान में अब ट्रॉमा मरीजों को तुरंत और बेहतर इलाज मिल सकेगा। संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने नई आधुनिक ट्रॉमा सर्जरी यूनिट की शुरुआत की घोषणा की। यह यूनिट इमरजेंसी विभाग से जुड़ी होगी और शाम 4 बजे से रात भर कार्य करेगी, जिससे गंभीर मरीजों को बिना देरी उपचार मिल सकेगा। स्वामी मुक्तिनाथानंद ने बताया कि दुर्घटना, मानसिक आघात और अन्य ट्रॉमा से पीड़ित मरीजों को सरकारी अस्पतालों में अक्सर लंबा इंतजार करना पड़ता है, लेकिन अब यहां तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है इसी भावना से यह पहल की गई है।

होली उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करते बच्चे।

होली उत्सव में दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ: मनोरंजन केंद्र ऐशबाग में रविवार को होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेल परिवार और स्काउट्स व गाइडस के बच्चों ने मिलकर प्रतिभाग किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने रंग-बिरंगे रंगों के साथ नृत्य और गीत प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण में उत्साह और आनंद का माहौल बना रहा। मनोरंजन केंद्र के पदाधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्व जल दिवस | जल और लैंगिक समानता विषय पर आयोजित की गई संगोष्ठी

जल संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) उत्तर प्रदेश की ओर से रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर जल व लैंगिक समानता विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व जल दिवस, जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया है, का उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छ जल की उपलब्धता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम जल व लैंगिक समानता पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल प्रबंधन की जिम्मेदारी अक्सर महिलाओं पर होती है, जिससे उन्हें कई सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जल संकट का सीधा प्रभाव महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा व विकास पर भी पड़ता है। मुख्य वक्ता स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऑफ एग्रीकल्चर लखनऊ के निदेशक इं. आरके सिंह ने जल संसाधनों के प्रबंधन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि नीतियों और योजनाओं में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने से जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

विश्व जल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में चर्चा करते अतिथि। अमृत विचार

पुस्तक विमोचन और तकनीकी योगदान

- कार्यक्रम में डॉ. आरसी श्रीवास्तव की पुस्तक ग्राउंडवाटर मैनेजमेंट फॉर विकसित भारत @/2047 का विमोचन किया गया। अध्यक्षता इं. मसर्रत नूर खान ने की और उन्होंने जल संकट के समाधान में अभियंताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सैय्यद इरफान अनवर ने किया, जबकि सचिव इं. नीरेन्द्र कुमार निषाद ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सिटी ब्रीफ

श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

अमृत विचार, लखनऊ : मोतीझील-ऐशबाग स्थिति माधव कला मंडप में श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन शनिवार को कथा वाचक ने सुदामा प्रसंग सुनाया। इसके बादहवन पूजन व भंडारा हुआ। 51 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भाजपा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा और श्रीमद्भागवत कथा समिति मालवीय नगर लखनऊ सोसाइटी ने कथा का आयोजन कराया। महापौर सुषमा खर्कवाल, मुख्य यजमान राजीव मिश्रा समिति के प्रमुख सदस्य कोषाध्यक्ष गौरव पांडे, अधिवक्ता संतोष माहेश्वरी, उपाध्यक्ष जितेश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, आशुतोष मिश्रा, प्रदीप शर्मा, संजय तिवारी, शशिकान्त शुक्ल, रौनक सिंह, मोहित मिश्रा, लक्ष्मी और अनिल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यू पर प्रोग्राम करेगा एकेटीयू

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने संस्थानों के लिए शैक्षणिक पहल के तहत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आरंभ करने जा रहा है। नोएडा स्थित यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक 'यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज' विषय पर केंद्रित रहेगा। विश्वविद्यालय की डीन डॉ. रचना अस्थाना ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को मानव मूल्यों से जुड़े पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित करना है। इसमें उन शिक्षकों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिन्होंने पहले यूएचवी का प्रारंभिक कार्यशाला पूरा किया हो। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबद्ध कॉलेजों के निदेशकों और प्राचार्यों से अपील की है कि वे अपने संस्थान के योग्य शिक्षकों एवं अधिकारियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नामित करें और निर्धारित लिंक के माध्यम से पंजीकरण सुनिश्चित कराएं।

अस्पताल जल्द होगा हैंडओवर

अस्पताल का निर्माण अंतिम चरण में

अमृत विचार, लखनऊ : फैजुल्लागंज क्षेत्र की करीब पांच लाख आबादी को जल्द ही बड़ी राहत मिलने वाली है। इलाके में मरीजों के भर्ती इलाज के लिए सरकारी अस्पताल की सुविधा उपलब्ध होगी। अब तक यहां के लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों या जिला अस्पताल का रुख करना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से करोड़ों रुपये की लागत से अस्पताल भवन का निर्माण कराया गया है। हालांकि बिल्डिंग का हैंडओवर इस माह पूरा होना था, लेकिन कार्यदायी संस्था ने अंतिम चरण के कार्य पूरे करने के लिए विभाग से एक माह का अतिरिक्त समय मांगा है। अब उम्मीद है कि अप्रैल के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक भवन हैंडओवर कर दिया जाएगा। फैजुल्लागंज इलाके में अभी तक कोई ऐसा सरकारी अस्पताल नहीं था, जहां मरीजों को भर्ती किया जा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तो मौजूद हैं, लेकिन गंभीर मरीजों को उनसे पर्याप्त राहत नहीं मिल पा रही थी। डॉ. नीरज बोरा ने इस समस्या को देखते हुए दाऊदनगर में 100 बेड के अस्पताल की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजा था। इसके लिए करीब दो एकड़ से अधिक जमीन भी उपलब्ध कराई गई। शासन स्तर पर प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद 50 बेड के अस्पताल के निर्माण को मंजूरी दी गई। करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से अस्पताल का निर्माण वर्ष 2024 में शुरू हुआ था। 31 मार्च तक भवन हैंडओवर का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

24 साहित्यकारों को पहनाई पगड़ी और दिए प्रशस्ति पत्र

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के वार्षिक समारोह में डॉ. पार्थ सारथी सेन शर्मा और डॉ. हरिओम ने भेंट किए एक-एक लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने रविवार को सिटी मान्टेसरी स्कूल गोमतीनगर के सभागार में 24 साहित्यकारों को सम्मानित किया। काव्य संग्रह यथार्थ के रचियता सर्वेश कुमार मिश्र को जयशंकर प्रसाद और मुक्ति नाथ झा को महादेवी वर्मा पुरस्कार दिया गया। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षा डॉ. पार्थ सारथी सेन शर्मा और डॉ. हरिओम ने साहित्यकारों को पगड़ी पहनाकर शॉल ओढ़ाई और एक-एक लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भेंट किया।

सर्वेश कुमार मिश्र को स्मृति चिह्न देते डॉ. पार्थ सारथी सेन शर्मा, साथ में डॉ. हरिओम और अन्य। अमृत विचार

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थानउत्तर प्रदेश के वार्षिक पुरस्कार अलंकरण समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने वाणी वन्दना की। प्रगति आख्या राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने प्रस्तुत की। इसके बाद राजेश प्रताप सिंह को पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार, हेमंत द्विवेदी को भगवती चरण वर्मा पुरस्कार, डॉ. राजीव दीक्षित को सुमित्रानन्दन पंत पुरस्कार, सुरेन्द्र सिंह लौर को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार, डॉ. लक्ष्मीकान्त शुक्ल को अमृत लाल नागर पुरस्कार, रामसिंह को डॉ. विद्यानिवास मिश्र पुरस्कार, सुषमा सागर मिश्रा को श्याम सुन्दर दास पुरस्कार, डॉ. वेद्पति मिश्रा को डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन पुरस्कार, योगेश पाठक को गयाप्रसाद शुक्ल सनेही पुरस्कार, चन्द्र देव दीक्षित को डॉ. हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार, दिनेश कुमार तिवारी को रामधारी सिंह दिनकर पुरस्कार, डॉ. मोहम्मद जुबैर को मिर्जा असद उल्ला खां ग़ालिब पुरस्कार, डॉ. अख्तर रियाज को फिराक गोरखपुरी पुरस्कार, विनोद शंकर शुक्ल विनोद को अमीर खुसरो पुरस्कार, रणविजय सिंह पुलुर को अकबर इलाहाबादी पुरस्कार, कृष्ण स्वरूप सक्सेना को प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार, मुरलीधर मिश्र को शिव सिंह सरोज पुरस्कार, अरुण कुमार गुप्ता को बाल कृष्ण भट्ट पुरस्कार, डॉ. सलीम अहमद को मीर तकी मीर पुरस्कार, डॉ. वंदना को जोश मलिहाबादी पुरस्कार, डॉ. प्रार्थना सिंह को शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय पुरस्कार और किल्लाड़ा सत्यनारायणा को सुब्रह्मण्यम् भारती पुरस्कार दिया गया।

इसके अलावा नुसरत अतीक को 11 हजार रुपये का रमनलाल अग्रवाल रम्मन पुरस्कार, 7 हजार रुपये के साहित्य गौरव सम्मान से मीना गौतम, उपमा गुप्ता, बृह्मनाथ और मृगांक श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। 5 हजार रुपये के साहित्य बंधु पुरस्कार से राम श्रृंगार दुबे और प्रताप नारायण मिश्र को सम्मानित किया गया। काव्य पाठ में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, डॉ. कलीम कैसर और अविनाश त्रिपाठी आदि साहित्यकार शामिल हुए।

जलोटा और सुरभि को मिला नौशाद सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : छावनी के खेल परिसर में आयोजित अवध मेले में भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा और सुरभि रंजन को लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता जीओसी व र मेजर जनरल मनीष कुकरेती ने नौशाद सम्मान से अलंकृत किया गया। इस दौरान शाने अवध सम्मान पाने वाले समीर-दीपाली, समरजीत रंधावा, शीर्षा रक्षित और बिसरूप बनर्जी के साथ लखनऊ की दीपांशी यादव, ड्रमर तन्मय मुखर्जी ने गीत प्रस्तुत किए। दीपांशी ने अमिताभ बच्चन के फैंस को समर्पित करते हुए पहला गीत इंतिहा हो गयी इंतजार की... गाया। दीपांशी ने झूम झूम झूम बाबा... गाने से जवानों को झूमने पर मजबूर किया तो आगे लता मंगेशकर का गाया मोरनी बागां में नाचे आधी रात मा... प्रस्तुत किया। इंडियन आइडल फेम बिस्वरूप बनर्जी की शुरुआत मैं कोई ऐसा गीत गाऊं... से हुई। फिर जन्नत फिल्म से केके का गाया जरा सा दिल में दे जगह... और फिर तुझे लागे न नजरिया... प्रस्तुत किया। इंडियन आइडल सीजन-13 की चर्चित गायिका शीर्षा रक्षित ने क्लासिकल फ्यूजन गीत गाए तो समरजीत रंधावा सूफी गीत गाए। तन्मय मुखर्जी ने ड्रम बजाया।

गोपियों और ग्वालों के बीच खेली गई होली

अमृत विचार, लखनऊ : ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव के चौथे दिन कंस और चाणूर संवाद, नारद और कंस संवाद के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। ब्रज की होली में सभी ब्रजवासी कान्हा के रंग में रंग जाते हैं, बरसाना की गोपियों और नंदगांव के ग्वालों के बीच खेली गई होली के दृश्यों को देखकर दर्शक मुग्ध हो गए। इंद्र देव गोकुल वासियों द्वारा अपनी पूजा बंद किए जाने से कुपित हो जाते हैं, वे ब्रजमंडल में कई दिन तक लगातार बारिश कराते हैं, इस भीषण बरसात से गोकुल वासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है और इसके बाद कृष्ण गोवर्धन लीला करते हुए पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लेते हैं जिसके नीचे छिपकर आम जन इंद्र के प्रकोप से हो रही वर्षा से राहत पाते हैं और बरसात खत्म होते ही जय कन्हैया लाल की जय का उद्घोष करते हुए हर्ष के साथ कृष्ण को अपने कांधों पर बिठा लेते हैं। इसके बाद देवऋषि नारद और विष्णु संवाद का मंचन भी किया गया।

आसिफी इमामबाड़े में ईद की नमाज अदा करते शिया मुस्लिम। अमृत विचार

नमाज अदा कर दी ईद की बधाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ईद-उल-फितर पर ऐशबाग ईदगाह, एतिहासिक आसिफी मस्जिद और टीले वाली मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में लाखों लोगों ने नमाज अदा की। लोगों ने 30 रोजों के बाद आई ईद की शुरुआत फितरा निकाल कर की।

बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ाने के बाद इमाम-ए-जुमा मौलाना कल्बे जवाद ने देश और दुनिया में अमन और इंसाफ की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया जिस हालात से गुजर रही है उसमें इंसाफ का पैमाना कमजोर पड़ चुका है। मौलाना कल्बे जवाद ने दुनिया में जारी संघर्षों पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर वैश्विक संस्थाएं निष्पक्ष होकर काम नहीं करेंगी तो कमजोर और गरीब देशों को न्याय नहीं मिल पायेगा।

ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने नमाज के बाद कहा कि अल्लाह ने अपने बन्दों को 30 रोजों के बाद तोहफे की शक्ल में ईद दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमने रमजान में खुद को गुनाहों से बचाकर रखा, उसी तरह पूरे साल अल्लाह की नाफरमानी से बचने की कोशिश करें। उन्होंने नमाजियों से दुनिया में अमन और शान्ति की बहाली तथा जंग के खात्मे के लिए दुआ कराई।

ईद-उल-फितर के मौके पर नमाज के बाद ईदगाह में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री रीता बहुगुणा जोशी, विधायक अरमान खान, रविदास मेहरोत्रा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, फादर जेराल्ड मैथ्यूज, फादर डोनाल्ड डिसूजा, राकेश कुमार छत्री, राजेंद्र सिंह बग्गा, हरपाल सिंह जग्गी और बहाई धर्म की गीता गांधी ने सभी को ईद की बधाई दी।

चिड़ियाघर में दर्शकों की भीड़। अमृत विचार

24 हजार से अधिक दर्शक पहुंचे चिड़ियाघर

अमृत विचार, लखनऊ : वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में टर्र पर्व पर रविवार दोपहर भारी भीड़ रही। निदेशक संजय कुमार बिश्वाल के अनुसार 16,298 दर्शकों ने भ्रमण किया। ईद के दिन 8,421 दर्शकों ने भ्रमण किया था। दर्शकों के लिए चिम्पांजी, बब्बर शेर, व्हाइट टाइगर, जिराफ, रंग-बिरंगे पक्षी और नव निर्मित एंट्री प्लाजा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों में झूला पार्क और बालरेल की सवारी को लेकर खास उत्साह देखने को मिला, वहीं बालरेल स्टेशन पर लंबी कतारें भी नजर आई। वहीं बारादरी के हरे भरे लॉन में पूरे दिन पिकनिक का माहौल बना रहा। परिवारों और युवाओं ने मौजमस्ती के साथ जिराफ, भालू, गैंडा और अन्य जानवरों के मॉडल्स के साथ फोटो खिंचवाईं, जबकि बच्चों ने फव्वारों के पास जमकर मस्ती की। भीड़ को देखते हुए नरही गेट पर 5 और डालीबाग गेट पर 3 टिकट काउंटर खोले गए, जिससे कुल 8 काउंटरों पर सुचारू टिकट व्यवस्था बनी रही और कहीं भी अव्यवस्था नहीं हुई। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए सभी शौचालयों पर पूरे दिन सफाईकर्मी तैनात किए गए।

नवरात्र के चौथे दिन की मां कूष्मांडा की पूजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रविवार को राजधानी के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दिन मां दुर्गा के चतुर्थ रूप मां कूष्मांडा की विशेष पूजा-अर्चना गयी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कूष्मांडा को सृष्टि की आदिस्वरूपा माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी।

शहर के बड़ी काली जी मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर, संदोहन मंदिर, मरी माता मंदिर, भुइय्यन देवी मंदिर और दुर्गा मंदिर समेत अन्य प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंगल आरती के साथ ही मंदिरों का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। देर रात तक श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए मंदिरों में जुटे रहे।

क स्थित मठ बड़ी काली जी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अब तक लगभग सवा लाख भक्तों ने मां का श्रृंगार, प्रसाद भोग व दर्शन लाभ प्राप्त किया। महंत विवेकानंद गिरी महाराज ने बताया कि इस दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है, जिन्हें सृष्टि की आदि शक्ति माना जाता है। मान्यता है कि उन्होंने अपनी मंद मुस्कान से पूरे ब्रह्मांड की रचना की, इसलिए उन्हें आदि सृष्टिकर्त्री कहा जाता है।

मां कुष्मांडा का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और दिव्य माना जाता है। उनके आठ भुजाएं होती हैं, इसी कारण उन्हें अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है। वे सिंह पर सवार रहती हैं और उनके हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल, अमृत कलश, चक्र, गदा और जपमाला सुशोभित होते हैं। कहा जाता है कि उनका निवास सूर्य लोक में है और वे भक्तों को स्वास्थ्य, शक्ति और ऊर्जा प्रदान करती हैं। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय के अनुसार, मंदिर में मेवा-मिष्ठान और लौंग का विशेष प्रसाद चढ़ाया जाता है। आरती के बाद लौंग प्रसाद स्वरूप वितरित की जाती है। मंदिर में अब तक 83 मुंडन संस्कार हुए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालु मेले, झूले और खरीदारी का आनंद भी ले रहे हैं। प्रतिदिन रात्रि 10 बजे भव्य आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

मंदिर में पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

मां आनंदी देवी मंदिर 1000 वर्षों से आस्था का केंद्र

अमृत विचार, लखनऊ: चौक स्थित मां आनंदी देवी मंदिर न केवल शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में से एक है, बल्कि यह मंदिर श्रद्धा, आस्था और चमत्कारिक मान्यताओं का भी जीवंत प्रतीक है। इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि मां आनंदी देवी, जिन्हें देवी दुर्गा के रूप में पूजा जाता है, यहां स्वयं प्रकट हुई थीं। यही कारण है कि इस पवित्र स्थान पर कोई मूर्ति स्थापित नहीं की गई है, बल्कि देवी मां स्वयं इस स्थल पर विराजमान मानी जाती हैं। मंदिर के पुजारी अतुल अवस्थी बताते हैं कि यह मंदिर 1000 साल से भी अधिक पुराना है। यह स्थान न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंदिर की प्राचीनता और इसकी मान्यताओं के कारण यहां दूर-दराज से भी श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मंदिर के आस-पास की दुकानें चलाने वाले दुकानदारों की माँ आनंदी देवी के प्रति विशेष आस्था है। पुजारी अवस्थी के अनुसार, हर सुबह दुकानदार अपनी दुकान की चाबी लेकर मां के चरणों में चढ़ाते हैं, और आशीर्वाद लेकर ही दुकान खोलते हैं।

सिटी डायरी

कोयला भट्ठी पर रोटियां बनाते रसोइया।

जानकीपुरम सीता रसोईं में 35 रुपये में भरपेट भोजन

अमृत विचार, लखनऊ : गैस नहीं तो भट्ठी सही। भोजन मिलेगा। श्री लक्ष्मण गौशाला जानकीपुरम की सीता रसोईं में 35 रुपये में भरपेट भोजन की व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है। संस्था के अध्यक्ष प्रभु जालान ने बताया कि कामगार और बाहर से आकर यहां रहकर काम करने वाले बाहरी लोगों को गैस किल्लत को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। यहां भट्ठियों पर भोजन बनवा कर उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां न तो रेट बढ़ाए गए हैं और ना ही खाने में किसी तरह की कमी की गई है। ऐसे में जिन्हें भोजन की दिक्कत हो रही है वे सीता रसोईं में आकर तय कीमत पर बेहतरीन भोजन पा सकते हैं। प्रबंधक गजेंद्र सिंह और सुपरवाइजर योगेंद्र चौधरी ने बताया कि गैस सिलेंडर की किल्लत के बाद रसोईं में भोजन करने वालों की संख्या बढ़ गई है।

संत साईं हरीश लाल की अगुवाई में लकी ड्रा निकालते लोग।

झूलेलाल जयंती पर बांटे इनाम

अमृत विचार, लखनऊ : शिव शान्ति आश्रम में संत साईं हरीश लाल की अगुवाई में भगवान झूलेलाल जयंती पर वाटिका में पहुंचने वालों को कूपन वितरण किए गए थे जिन्हें रविवार को खोला गया। पहला प्राइज महादेव ड्राईफ्रूट स्टोर का रहा। उन्हें 21 हजार रुपये दिए गए। दूसरे इनाम में महेश तलरेजा को 15 हजार रुपये, तीसरे में मोहित चैनानी को 7500 रुपये, चौथे में राजकुमार वाधवानी को 5100 रुपये दिए गए। मिला। पांचवां इनाम अशोक कुमार मखीजा को 3100 रुपये, छठा इनाम पुलकित राजपाल को 2500 रुपये का दिया गया। कोनस्यूलेशन प्राइज में नमस्कार टेक्सटाइल, आलोक कुमार, श्री कुमार ज्वेलर्स जगदीश कुमार, सुरेश चावला, मुकेश डिपार्टमेंटल हीरेन्द्र भावनानी, राकेश रायचंदानी, थारिणी शर्मा को दिया गया।

कथा में मौजूद भक्त।

कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़

अमृत विचार, लखनऊ : बाबा नीब करौरी जी महाराज आश्रम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा सत्र के तीसरे दिन भक्तों की काफी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पंडित विजय कृष्ण भागवत ने भगवान के विभिन्न अवतारों और भक्तों के चरित्र का सुंदर चित्रण किया। अजामिल आख्यान का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि अनजाने में भी लिया गया भगवान का नाम मनुष्य के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि मरणासन्न अवस्था में पुत्र के बहाने नारायण का नाम लेने मात्र से अजामिल को यमदूतों के पाश से मुक्ति मिल गई, यह ईश्वर के नाम की असीम शक्ति है। शैला चन्द्रा, रामचन्द्र कातरणीकर, चन्दा पाण्डेय उपस्थित रहीं।

गणगौर की पूजा करती महिलाएं।

धूमधाम से मनाया गणगौर पर्व

अमृत विचार : मारवाड़ी समाज ने शनिवार को गणगौर पर्व उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। गणगौर माता की मिट्टी से बनी मूर्तियों को दुल्हन की तरह सुसज्जित किया गया। पूजा के दौरान महिलाओं ने गौड़-गौड़ गोमती जैसे पारंपरिक लोकगीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मूर्तियों में ईसरजी (भगवान शिव), गौरा जी (माता पार्वती), कानीराम जी, रोवाबाई, सोवा बाई और मालन के स्वरूप बनाए गए।

आयोजन रवीन्द्रालय लॉन में लगे मेले में अंतिम दिन रही युवाओं की भीड़

लखनऊ पुस्तक मेले में बिकीं 32 लाख की पुस्तकें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः रवीन्द्रालय लॉन में 13 मार्च से चल रहा लखनऊ पुस्तक मेला रविवार को विदा हो गया। 10 दिवसीय इस पुस्तक मेले में लगभग 32 लाख रुपये की पुस्तकें बिकीं।रविवार को अंतिम दिन विद्यार्थियों और युवाओं की सबसे ज्यादा भागीदारी रही। मेले में पुस्तक विमोचन, साहित्य चर्चा के आयोजन भी हुए। ज्योति किरन रतन के संयोजन मे अवधी व्यंजन उत्सव भी सराहा गया।

लखनऊ पुस्तक मेले के अंतिम दिन की शुरुआत आज सुबह डॉ. रुचि श्रीवास्तव की नन्हें मुन्नों की कविताएं, कथा संग्रह पक्के दोस्त और नेकी का बदला व पर्व हमारे रंग-बिरंगे का विमोचन संजीव जायसवाल संजय, डॉ. अमिता दुबे, नीलम राकेश और विनय श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुआ। आईपीएस प्रशांत आनन्द ने अपनी किताब रूल्स टू रूल्स पर आयुषी के साथ चर्चा की। इसी क्रम में ब्लू ड्राप और रेडियो फ्रेंड्स के संयोजन में विश्व जल दिवस पर आयोजित परिसंवाद और कवि गोष्ठी में प्रो. वेंकटेश दत्ता, अपर आयुक्त राकेश पटेल, नन्द किशोर वर्मा, पवन कुमार जैन और डॉ. मीनू खरे की सहभागिता रही। ऋषभ, ज्योति, शिवाय, फैज, अभिषेक, विशाखा, आशुतोष, दीपशिखा, अलीशा और शालिनी की कविता किस्से कहानियां की प्रस्तुति के बाद समापन समारोह में संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने प्रतिभागियों व सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कल अंतरराष्ट्रीय पुतुल दिवस पर काफिला नाट्य संस्थान के कलाकारों ने मेराज आलम के निर्देशन में कठपुतली के खेल दिखाये। कठपुतली के परम्परागत कलाकार नौशाद ने भी मेले में प्रदर्शन कर उपस्थिति दर्ज करायी। इससे पहले कलम से कम्प्यूटर परिचर्चा में डॉ. सुधाकर अदीब ने विचार रखे। प्रो. नरेशचन्द्र त्रिपाठी की पुस्तक एक राम अनेक आयाम के विमोचन में डॉ. विद्या विंदु सिंह, दयानंद पांडेय, डॉ. विशम्भर शुक्ल, प्रो. उमाशंकर शुक्ल शितिकण्ठ, प्रद्युम्न तिवारी, विनय दास आदि ने विचार व्यक्त किये। इसी क्रम में आलोक दुबे के कथा संग्रह का विमोचन हुआ। लक्ष्य साहित्यिक समाजिक सांस्कृतिक संस्था के कवि सम्मेलन में कवि कुंवर कुसुमेश ने अध्यक्षता की, गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि रहे भ्रमर वैसवारी रहे।

पुस्तक मेले में किताबें देखतीं युवतियां। अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

रेसलिंग गोल्ड कप आज से

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार से तीन दिवसीय रेसलिंग गोल्ड कप शुरू होगा। शहीद भगत सिंह की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के नामी पहलवान मैट पर उतरकर अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। सुबह ड्रॉ निकाला जाएगा और शाम से मुख्य मुकाबले होंगे। उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र की टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार, मुकाबले छह-छह मिनट के होंगे।

कैंपस प्रमाणपत्र का वितरण आज

अमृत विचार, लखनऊ : ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा सैमसंग इनोवेशन कैंपस प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन आज किया गया है। जिसमें उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर सैमसंग इंडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। जो अकादमिक और उद्योग के बीच सहयोग के महत्व को रेखांकित करेंगे। कार्यक्रम की संयोजक एवं आयोजक डॉ. शान-ए-फातिमा ने बताया कि विश्वविद्यालय के 400 से अधिक विद्यार्थियों को जिन्होंने सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम के अंतर्गत गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है, प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

आशीष अवस्थी बने चीफ प्रोवोस्ट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के प्रोफेसर आशीष अवस्थी को विश्वविद्यालय का मुख्य प्रोवोस्ट नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा द्वारा आदेश जारी किया गया है।

प्रो. अमिता बनी डीन स्टूडेंट वेलफेयर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग की प्रोफेसर अमिता कनौजिया को छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा द्वारा आदेश जारी किया गया है।

प्रो. विनोद सिंह ने निदेशक बनाए गए

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. विनोद सिंह को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) का निदेशक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा द्वारा आदेश जारी किया गया है।

लविवि की छात्रा ने जीता प्रथम पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित "फार्मा अन्वेषण 2026" कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की छात्रा उन्नति सक्सेना ने पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्नति ने बीसीएस वर्ग चार की दवाओं में मौखिक दवा वितरण की बाधाओं का पुनर्मूल्यांकन : एसईडीडीएस की उभरती भूमिका" विषय पर अपना शोध पोस्टर प्रस्तुत किया।

एलएसजी टीम ने किए रामलला के दर्शन और मनाई ईद

टीम के मालिक संजय गोयनका भी खिलाड़ियों के साथ रहे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने शनिवार सुबह अयोध्या में रामलला के दर्शन और पूजन किया, इसके बाद ईद के जश्न में शामिल हुए। टीम के मालिक और कप्तान ने मो. शमी, मोहसिन खान, आवेश खान, शहबाज अहमद, अब्दुल समद को गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद पकवानों का स्वाद लिया।

टीम के मालिक संजय गोयनका, कप्तान ऋषभ पंत, मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ मयंक यादव, हिम्मत सिंह, आकाश सिंह सहित अक्षत रघुवंशी, प्रिंस यादव, अर्शीन कुलकर्णी, नमन तिवारी और मुकुल चौधरी मंदिर पहुंचे। सभी ने भगवान श्रीराम के चरणों में नमन कर सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस मौके पर गोयनका ने कहा कि भगवान राम का आशीर्वाद मिलने से सभी कार्य सफल होते हैं। मंदिर प्रशासन ने खिलाड़ियों, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ को प्रसाद और रामनामी अंगवस्त्र भेंट किए। मंदिर परिसर में ऋषभ पंत सहित अन्य खिलाड़ियों को देखकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा। इस दौरान लोगों ने खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने के साथ एलएसजी के मालिक के साथ भी जमकर सेल्फी ली।



रामलला के दर्शन करने के बाद एलएसजी के मालिक के साथ खिलाड़ी।

किट वितरित करते कप्तान ऋषभ पंत और अर्जुन तेंदुलकर। अमृत विचार

एलएसजी का प्रिंसिपल पार्टनर बना केईआई वायर

अमृत विचार, लखनऊ : आईपीएल सीजन 19 से पहले केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड (की-वायर) ने लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) का नया प्रिंसिपल पार्टनर बनने की घोषणा की है। ये ऐलान रविवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में किया गया। इस दौरान टीम के कप्तान ऋषभ पंत, तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर मौजूद रहे। केईआई के चेयरमैन अनिल गुप्ता ने बताया कि ये साझेदारी सिर्फ ब्रांडिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देना और वंचित वर्ग की प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना भी है। इसी पहल के तहत स्त्री इंडिया स्पोर्ट्स फाउंडेशन से जुड़ी बालिकाओं को खिलाड़ियों की ओर से क्रिकेट किट वितरित की गई। इस मौके पर खिलाड़ियों ने भी टीम के विजन और तैयारियों पर बात की। इस मौके पर अर्जुन तेंदुलकर ने कहा कि टीम भविष्य की बजाय वर्तमान प्रक्रिया और मेहनत पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उनका मानना है कि निरंतर प्रयास और सही दिशा में काम करने से ही टीम का अंतिम लक्ष्य आईपीएल ट्रॉफी को जीतना होगा।नई साझेदारी के साथ आईपीएल के आगामी सीजन में एलएसजी एक नई ऊर्जा और सामाजिक पहल के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार नजर आ रही है।

महिला परिचालक भर्ती रोजगार मेला 1 अप्रैल को

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में महिला अभ्यर्थियों को रोजगार देने के उद्देश्य से 1 अप्रैल को सप्रू मार्ग स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय के अनुसार इस मेले में महिलाओं को सीधे संविदा परिचालक के पद पर नियुक्त किया जाएगा। भर्ती के लिए अभ्यर्थी का इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना और सीसीसी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित होगी, जिसमें इंटरमीडिएट के प्राप्तांक को आधार बनाया जाएगा। साथ ही जिन अभ्यर्थियों के पास एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र, एनएसएस प्रमाणपत्र या भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य या राष्ट्रपति पुरस्कार हैं, उन्हें 5 प्रतिशत अतिरिक्त वेटेज दिया जाएगा। भर्ती के लिए यह भी आवश्यक है कि अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन या उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की सदस्य हों। चयनित महिला परिचालकों को संविदा पर कार्यरत अन्य परिचालकों के समान पारिश्रमिक दिया जाएगा।

अब तक हुआ आठ लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सर्वाधिक लखनऊ में जांची गई कॉपिया तो सबसे कम उन्नाव में
- 1 अप्रैल तक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जाना है पूरा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ईद की छुट्टी के बाद रविवार को शुरू कर दिया गया। मंडल में अब तक 8,14,603 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है।इसमें लखनऊ जिले में सर्वाधिक 1,90,900 और उन्नाव जिले में सबसे कम 82, 769 उत्तरपुस्तिकाएं जांची गई हैं।

मंडल स्तर पर बनाए गए 23 केंद्र पर मूल्यांकन 18 मार्च से चल रहा है। लखीमपुर खीरी के राजकीय इंटर कॉलेज के मूल्यांकन केंद्र पर सर्वाधिक 19,416 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकित की गई हैं। लखनऊ जिला में मूल्यांकन के लिए अब तक हाईस्कूल की कुल 314784 व इंटर मीडिएट की कुल 251019 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं। जिनमें आज तक हाईस्कूल की 111221 इंटर मीडिएट की 79679 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है। मंडलीय कंट्रोल रूम प्रभारी व विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मंडल में 2326579 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। इसमें 814604 का मूल्यांकन हो चुका है।

संयुक्त निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि मंडलीय कंट्रोल रूम के गठन का मुख्य उद्देश्य मंडल में मूल्यांकन कार्य समय से पूर्ण किया जाना है। मूल्यांकन कार्य की दैनिक मॉनिटरिंग की जा रही है और एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

हाईस्कूल का मूल्यांकन

जिला	उत्तर पुस्तिकाएं	मूल्यांक
सीतापुर	182279	71527
हरदोई	224041	105930
लखीमपुर खीरी	184229	78838
रायबरेली	187283	81188
उन्नाव	190543	43888

इंटरमीडिएट का मूल्यांकन

सीतापुर	146424	48999
हरदोई	146094	48397
लखीमपुर खीरी	168730	57246
रायबरेली	158553	48809
उन्नाव	172600	38881

मूल्यांकन बाकी

लखनऊ	374903
उन्नाव	255969
रायबरेली	215839
हरदोई	215808
सीतापुर	210177
लखीमपुर खीरी	216875

शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया जारी करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीटीसी शिक्षक संघ ने बैठक कर सरकार से की मांगें

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ ने शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया अब तक नहीं जारी करने पर चिंता प्रगट की है। शिक्षक संघ की प्रांतीय कमेटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शिक्षकों, शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष व अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के प्रदेश संयोजक अनिल यादव ने कहा की प्रदेश के बेसिक शिक्षा में गर्मी और सर्दी की छुट्टियों में परिषदीय शिक्षकों के जिले के बाहर (अंतरजनपदीय) पारस्परिक और सामान्य स्थानांतरण किए जाने की व्यवस्था है। लेकिन इस बार सर्दी की छुट्टियों में कोई आदेश नहीं आया, दो साल से पारस्परिक ट्रांसफर एवं सामान्य ट्रांसफर के आदेश के लिए लाखों शिक्षक शासन की तरफ टकटकी लगाए बैठे हैं।

शिक्षकों ने मांग की कि गर्मी की छुट्टियों में स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी करने का कार्यक्रम जल्द जारी किया जाए, ताकि शिक्षक अपने घर के नजदीक पहुंच सकें। समय से स्थानांतरण के लिए जल्द आदेश जारी नहीं किया गया तो गर्मी के अवकाश में शिक्षकों को स्थानांतरण मिलना कठिन हो जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार मृतक आश्रितों को शिक्षक पद पर ही नौकरी देने का आदेश जारी करें। प्रदेश में एक हजार मृतक आश्रित शिक्षक बनने की पूरी अर्हता रखें हुए है लेकिन जिलों में चपरासी पद पर कार्य करने पर विवश है। महासचिव जमशेद शरीफ, प्रदेश महामंत्री संदीप दत्त, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, संदीप जायसवाल, रामधन, कोषाध्यक्ष सुदोषकर, प्रवक्ता बिनय सिंह, अजित सिंह, अरबिंद यादव, अनिल बलिया, श्याम शंकर, जगजीवन, वृजेश, धर्मपाल यादव, गेना, रिंकी सिंह सहित सभी प्रांतीय पदाधिकारिय उपस्थित रहें।

चिन्मय और वंश ने क्वालीफायर जीतकर मुख्य ड्रॉ में बनाई जगह

अमृत विचार, लखनऊ : आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में क्वालीफाइंग मैच जीतकर चिन्मय देव चौहान और वंश यादव ने मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए हैं। लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लॉन टेनिस फैसिलिटी में खेले जा रहे टूर्नामेंट के क्वालीफायर के अंतिम राउंड में चिन्मय देव चौहान ने यश को 6-0, 6-0 से पराजित किया। वंश यादव ने अक्षित को 6-1, 6-3 से हराया।दिल्ली के रिकी चौधरी, हरियाणा के सुनील कुमार और हर्ष, पंजाब के जसराज, केरल के कौशिक तथा राजस्थान के अमित ने जीत दर्ज की।

योग शिक्षकों की होगी भर्ती

अमृत विचार, लखनऊ : योग आयुष ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में योग के विस्तार के लिए 19,446 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। सामान्य वर्ग के योग शिक्षक 9452, ओबीसी के 4034 जबकि एससी-एसटी वर्ग से 2808 व 1310 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 30 से 35 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी योग आयुष की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

गोमती नदी को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : स्वच्छ पर्यावरण सेना तथा आर्ट्स कॉलेज लखनऊ विश्वविद्यालय एनएसएस ने संयुक्त अभियान में गोमती नदी से लगभग 10 क्विंटल कचरा तथा सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियां बाहर निकालीं। नदी को स्वच्छ रखने तथा कूड़ा न डालने का संकल्प लिया। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में हनुमान सेतु के निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर चलाया गया।

लकी ऑटो की जीत में संदीप बने हीरो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मास्टर्स, क्रूसेडर्स और ऑरेंज ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को खेले गए मुकाबलों में सीएएल मास्टर्स, क्रूसेडर्स, ऑरेंज, फाइटर्स और एलीट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीत लिए। पहले मुकाबले में सीएएल मास्टर्स ने सीएएल इंडिगो को एकतरफा अंदाज में 121 रनों से पराजित किया। मास्टर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए, जिसके जवाब में इंडिगो की टीम मात्र 58 रन पर सिमट गई। मास्टर्स की ओर से अक्षांश (69 रन) और उत्कर्ष (46 रन) ने बेहतरीन बल्लेबाजी की, जबकि जय प्रताप ने तीन विकेट झटके। दूसरे मैच में सीएएल ऑरेंज ने सीएएल चैलेंजर्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। चैलेंजर्स द्वारा दिए गए 116 रनों के लक्ष्य को ऑरेंज ने बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया। आरव यादव ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों पर 13 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 93 रन बनाए। अन्य मुकाबलों में सीएएल क्रूसेडर्स ने अवेंजर्स को सात विकेट से हराया, जबकि सीएएल फाइटर्स ने नियोन को नौ विकेट से मात दी। दिन के अंतिम मुकाबले में सीएएल एलीट्स ने 177 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को महज 16.3 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। आकाश दुबे ने 58 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

अमृत विचार: सरदार अजीत पाल सिंह मेमोरियल (40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में लकी ऑटो ने लाइव टीवी एक्सप्रेस को 16 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में संदीप छाबड़ा ने अहम भूमिका निभाते हुए पांच विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच चुने गए।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लकी ऑटो की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए। टीम की ओर से सैफुल ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 57 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं जीशान अजहर ने भी 29 गेंदों में 41 रन की उपयोगी पारी खेली और चार छक्के लगाए। लाइव टीवी एक्सप्रेस की ओर से शाहनवाज इकबाल और जावेद खान ने दो-दो विकेट हासिल किए। वहीं 193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाइव टीवी एक्सप्रेस की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। टीम की ओर से फखरूजमां ने नाबाद 48 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। लकी ऑटो के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की, जिसमें संदीप छाबड़ा ने पांच विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।

सिटी डायरी

अपनी पाती दिखाते शिक्षक।

शिक्षक की पाती अभियान में लगाई सरकार से गुहार

अमृत विचार, लखनऊ : टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ प्राथमिक शिक्षकों ने शिक्षकों की पाती (पत्र) अभियान शुरु किया है। पोस्टकार्ड, ईमेल भेजकर सरकार से मांग की जारी है कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अनिवार्यता से छूट प्रदान किया जाए। शिक्षक केंद्र सरकार से 2017 में एनसीटीई द्वारा टीईटी को अनिवार्य योग्यता के रूप में किए गए संशोधन को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि पूरे प्रदेश में चले शिक्षक की पाती अभियान में शिक्षकों की सामूहिक सहभागिता है। टीईटी अनिवार्यता से शिक्षकों की वर्षों की सेवा अनुभव व मेहनत को नजर अंदाज किया गया है।

विजेता लखनऊ की टीम ट्रॉफी के साथ

छात्रा के साथ सीएमएस संस्थापिका डॉ. भारती गांधी व

लखनऊ बना ओवरऑल चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : स्पोर्ट्स विलेज फाउंडेशन और एचसीएल फाउंडेशन की देखरेख में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज और गोमती नगर के मिनी स्टेडियम में टीम ने फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल और रग्बी के बालक व बालिका दोनों वर्गों में विजेता ट्रॉफियां जीतीं।आयोजन सचिव राहुल वर्मा ने बताया कि बास्केटबॉल में बालक और बालिका दोनों वर्गों में नोएडा की टीमों ने जीत दर्ज की। हैंडबॉल बालिका वर्ग में हरदोई ने लखनऊ को पराजित कर खिताब जीता। मुख्य अतिथि लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल रहे।

छात्रों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस ने पूर्व छात्रा नैन्सी सिंह को सम्मानित किया। छात्रा ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा .2025 में अखिल भारतीय 34वीं रैंक अर्जित किया है। समारोह में नैन्सी सिंह के साथ ही उनके माता-पिता चेतराम अहिरवार व जयश्री अहिरवार को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नैन्सी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों को दिया। नैन्सी के अलावा इस वर्ष एक और छात्रा ने सफलता अर्जित की है। गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रियाशा वर्मा ने इसी परीक्षा में अखिल भारतीय 324वीं रैंक प्राप्त की है।

बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

50 सदस्य जुड़े

अमृत विचार, काकोरी : बुद्धेश्वर विकास महासभा के प्रदेश कार्यालय में रविवार को बैठक हुई। इसमें संगठन के विस्तार, क्षेत्रीय विकास, सामाजिक एकता एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान 50 लोगों ने संगठन की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष राजेश शुक्ला , संरक्षक व पूर्व पार्षद ताराचन्द्र रावत, संरक्षक व्यापार मंडल अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, संरक्षक गुड्डू, प्रदेश महामंत्री एस.पी. पांडे, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, रेखा सेठ, अध्यक्ष महामंत्री सोनी गौतम मौजूद रहे।

लविवि | एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार और एसोसिएट प्रो. डॉ. मधु कामले ने पुस्तक में दी जानकारी

कई रोगों की रोकथाम में फंक्शनल फूड्स सक्षम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खाद्य सुरक्षा में नैनो तकनीक के प्रयोग पर लविवि शिक्षक ने वैश्विक अकादमिक पुस्तक किया प्रकाशित

अमृत विचार: फंक्शनल फूड्स कहा जाने वाला जई का दलिया और आटा स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इससे बनी निर्मित दलिया, अनाज, ब्रेड, फलों के जैम, प्रोसेस्ड सॉस कई रोगों से लड़ने में सक्षम हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार और जैव रसायन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधु कामले की इस विषय पर पुस्तक को वैश्विक स्तर पर एल्सेवियर अकादमिक प्रेस ने प्रकाशित किया गया है।

डॉ. प्रदीप कुमार

आस्ट्रेलिया डीयाकिन विश्वविद्यालय के प्रख्यात फूड साइंटिस्ट दिपेंद्र कुमार महतो के साथ मिलकर लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने पुस्तक तैयार की है। पुस्तक खाद्य विज्ञान, पोषण, जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों के उच्च स्तरीय शोध और अनुभवों को एकसाथ प्रस्तुत करती है। पुस्तक फंक्शनल फूड्स, न्यूट्रास्यूटिकल्स, बायोएक्टिव यौगिकों और आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों पर केंद्रित है, जो मानव स्वास्थ्य सुधार और रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बॉयोएक्टिव घटकों का अध्ययन

- पुस्तक में कई उभरते हुए और नवोन्मेषी शोध क्षेत्रों पर लिखा गया है। जिसमें खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले बायोएक्टिव घटकों का अध्ययन, आंतों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में प्रोबायोटिक्स और प्रीबायोटिक्स की भूमिका, टिकाऊ वैकल्पिक प्रोटीन स्रोत के रूप में कीट-आधारित प्रोटीन के विकास जैसे विषय शामिल हैं।

जई की फसल

नैनो तकनीक पर भी चर्चा

- प्लांट-बेस्ड फूड विकल्प, मोटे अनाज आधारित फंक्शनल फूड्स और पोषक तत्वों की डिलीवरी और खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए फूड सिस्टम में नैनो टेक्नोलॉजी के उपयोग पर भी चर्चा की गई है। इसके अतिरिक्त, पोषक तत्वों की जैव उपलब्धता व अगली पीढ़ी के फंक्शनल फूड्स के विकास के लिए टिकाऊ रणनीतियों से जुड़े शोध को भी इसमें शामिल किया गया है।